अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सकारण आदेश

संवेदक Bivash Chandra Sharma, (निबंधन सं0–2150020), At –Vill-Bhuramal Bagicha, Ishakchak, Dist- Bhagalpur, Bihar, Pin No- 812001 को **कार्य प्रमण्डल, कहलगॉव** के अधीन योजनाशीर्ष MMGSY(SC) अन्तर्गत **Srichak House of Ganga Mandal to PMGSY Road Murgiyachak To Srichak** तक पथ का निर्माण कार्य आवंटित था, जिसका एकरारनामा सं0–09SBD/2020-21 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–28.04.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–27.01.2021 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कहलगॉव द्वारा बार–बार मौखिक निदेश देने के बावजूद भी **संवेदक Bivash Chandra Sharma** द्वारा उक्त कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पायी गयी। तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कहलगॉव द्वारा पत्रांक–1438 दिनांक–20.10.2023 को एकरारनामा विखंडित कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कहलगॉव के पत्रांक–1597 अनु0 दिनांक–30.11.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, भागलपुर के पत्रांक–1238 अनु0 दिनांक–08.12.2023 एवं मुख्य अभियंता–2, सम्प्रति मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, भागलपुर के पत्रांक–4170 अनु0 दिनांक–15.12.2023 द्वारा उक्त संवेदक के निबंधन संख्या–2150020 को कालीसूची में डालने हेतु अनुशंसा की गई।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–33 दिनांक–03.01.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अंदर कालीकरण के पूर्व संबंधित संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–1905 दिनांक– 20.05.2024 द्वारा स्मारित किया गया, फिर भी उक्त संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। फिर विभागीय पत्रांक–2655 दिनांक–08.08.2024 द्वारा संवेदक को अपना पक्ष रखने हेतु अंतिम रूप से स्मारित किया गया, किन्तु संवेदक द्वारा अपना पक्ष उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट है कि संवेदक को इस बारे में कुछ भी नहीं कहना है।

अतः विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **Bivash Chandra Sharma,** At –Vill-Bhuramal Bagicha, Ishakchak, Dist- Bhagalpur, Bihar, Pin No- 812001 के **निबंधन सं0–2150020** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची–10–98/2023-3418 /पटना, दिनांक–13/11/202

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

SP

(395)

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—98 / 2023-3418 / पटना, दिनांक—13/11/2024

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 12/11/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—98 / 2023-3418 / पटना, दिनांक—13/11/2024

प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 12/11/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—98 / 2023-3418 / पटना, दिनांक—13/11/2024

प्रतिलिपिः—**संवेदक Bivash Chandra Sharma, (निबंधन सं0—2150020)**, At –Vill-Bhuramal Bagicha, Ishakchak, Dist- Bhagalpur, Bihar, Pin No- 812001 को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 12/11/24

अभियंता प्रमुख

SP